भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3176

दिनांक 09 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

महिला सशक्तीकरण के लिए हब

3176. श्री राजू बिष्टः

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी किः

(क) क्या सरकार ने पश्चिम बंगाल सहित देश में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए केन्द्रों की स्थापना की है;

(ख) यदि हां, तो इसकी प्रमुख विशेषताओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में वर्तमान में जिला-वार विशेषकर कलिम्पोंग, दार्जिलिंग और उत्तरी दिनाजपुर जिले में कितने केन्द्र कार्यरत हैं;

(घ) क्या सरकार का पंचायतों की सहायता से देश में ऐसे और अधिक केन्द्र स्थापित करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (ड़): महिला एवं बाल विकास मंत्रालय महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तीकरण के लिए दिनांक 01.04.2022 से 'मिशन शक्ति' योजना का कार्यान्वयन कर रहा है।

"संकल्प: एचईडब्ल्यू (हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ वीमेन)" 'मिशन शक्ति' की उप-योजना सामर्थ्य के तहत एक घटक है।

संकल्प: एचईडब्ल्यू (हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ वीमेन) मिशन शक्ति योजना के कार्यान्वयन की निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए एक परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) के रूप में कार्य कर रहा है।

संकल्प केंद्र महिला केंद्रित योजनाओं, कार्यक्रमों, नीतियों और विधानों से संबंधित जानकारी का प्रसार करने के लिए गतिविधियों, शिविरों और अभियानों के आयोजन के माध्यम से व्यापक आउटरीच और जागरूकता में संलग्न हैं।

भारत में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर कुल 34 संकल्प: एचईडब्ल्यूऔर जिला स्तर पर कुल 712 संकल्प: एचईडब्ल्यू कार्य कर रहे हैं। संकल्प: एचईडब्ल्यू कलिम्पोंग, दार्जिलिंग और उत्तरी दिनाजपुर जिलों में कार्य नहीं कर रहे हैं क्योंकि पश्चिम बंगाल इस स्कीम को कार्यान्वित नहीं कर रहा है।

*****